>

Title: Need to develop ancient Bhavani Temple as a tourist spot in Gopalganj, Bihar.

श्री अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव (गोपालगंज) : मान्यवर उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज, बिहार में माँ भवानी जी का बहुत प्राचीन मंदिर है। यहां हज़ारों लोग पूजा-अर्चना के लिए बराबर आते रहते हैं। यहां के लोगों की माँ अम्बे में पूरी आस्था है। अति प्राचीन काल से माँ अम्बा भवानी जी का मंदिर यहां होने के कारण सरकार इसको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर सकती है। यहां माता वैष्णो बोर्ड की तरह एक विकास बोर्ड भी बनाया जा सकता है। इससे इस अति पिछड़े क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही लोगों को बेहतर सुविधाएं भी मुहैया कराई जा सकती हैं। इससे सरकार को राजस्व की भी प्राप्ति होगी। यहां के लोगों की भी यह बहुत पुरानी मांग रही है। [H88]